Title: Need to construct a rake point on vacant land near Balurghat Railway Station- laid

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): मैं रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मे बालूरघाट रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की खाली पड़ी जमीन की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह जमीन बिना उपयोग के ऐसे ही खाली पड़ी हुई है। इसलिए उक्त खाली पड़ी जमीन में किसान हित एवं व्यवसायियों के हित में रैक प्वाईंट बनाना बहुत ही अच्छा रहेगा। बालूरघाट स्थित हिली अंतर्राष्ट्रीय भारत-बांग्लादेश सीमा चैकपोस्ट है और यह बालूरघाट जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर है। हिली के रास्ते में सड़क के किनारे ही बांग्लादेश बॉर्डर दिखता है। इस रास्ते से कई वस्तुओं का आयात - निर्यात कारोबार होता है। बालूरघाट कृषि प्रधान होने के साथ ही व्यावसायिक दृष्टि से भी काफी महत्वहपूर्ण है। संसदीय क्षेत्र के बुनियादपुर, गंगरामपुर, हरीरामपुर तथा तपन के साथ ही कई अन्य व्यावसायिक केन्द्र हैं जो अलग-अलग वस्तुओं के थोक व्यवसाय के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। इन व्यवसायियों और क्षेत्र के किसानों को रैक से अपना माल मालदा या हावड़ा से मंगवाना पड़ता है जो कि काफी दूर है। इससे इन्हें माल अन्य स्थान से मंगवाने में खर्च अधिक होता है और समय भी लगता है। अतः उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बालूरघाट में रैक प्वाईंट का निर्माण कराया जाये जिससे कि क्षेत्र के किसानों और व्यवसायियों को इसका लाभ मिल सके।